**दिनांक 02.01.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में डॉ0 भीम राव अम्बेदकर आवासीय बालिका+2 विद्यालय, सदर आरा (480 आसन) के निर्माण कार्य हेतु प्राप्त परिवाद पर विचार हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही :-**

**उपस्थितिः-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **अध्यक्ष** |
| (ii) | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपरआयुक्त-सह-विशेष सचिव<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iii) | **श्री मनोज कुमार सिंह,**<br>मुख्य अभियंता (दक्षिण),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |
| (iv) | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | **सदस्य** |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | - डॉ0 भीम राव अम्बेदकर आवासीय बालिका+2 विद्यालय, सदर आरा (480 आसन) के निर्माण कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹ 42,16,77,000/- (सचिव, अनु0जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग का ज्ञापांक-75 दिनांक-03.06.2025) |
| 3 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | - ₹39,12,78,472/- (मु0अभि0 (नि0) का पत्रांक-1438(नि0) अनु0 दिनांक-03.09.2025)। |
| 4 | परिमाण विपत्र की राशि | - ₹ 32,03,95,181/- (असैनिक कार्य) |
| 5 | निविदा की राशि | - ₹ 37,96,69,363/- |
| 6 | निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रसंग | - पी0आर0संख्या-012953(भ0) 25-26 हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक-31.08.2025 को प्रकाशित। |
| 7 | निविदा आमंत्रण की तिथि | - 25.08.2025 |
| 8 | प्री-बीड की बैठक की तिथि | - 07.10.2025 / 10.10.2025 |
| 9 | निविदा की तिथि | - 18.10.2025 |
| 10 | निविदा खोलने की तिथि | - 20.10.2025 |
| 11 | <u>निविदादाता का नाम एवं पता</u> | - (1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, बड़हरा, भोजपुर।<br>(2) जय माता दी एण्ड मॉ सिता कंसट्रक्सन, पचपोखरी, नोखा, रोहतास।<br>(3) बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0।<br>(4) मे0 शिव शंकर सिंह कॉन्ट्रैक्ट प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, गोपालगंज।<br>(5) मे0 असियाना कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, गोपालगंज।<br>(6) सुदेश कुमार एण्ड को0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, जमुई। |

12 **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का मंतव्यः-**

**प्रथम बार आमंत्रित ई-निविदा (वर्त्तमान) की कार्यवाहीः-**

दिनांक 02.12.2025 को संपन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक मे इस निविदा मे शामिल कुल छः निविदाकार मे से पॉच निविदाकार को सफल एवं एक निविदाकार को असफल किया गया। जो इस प्रकार हैः-

**सफल निविदाकारः-**

(1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, बड़हरा, भोजपुर।

(2) जय माता दी एण्ड मॉ सिता कंसट्रक्सन, पचपोखरी, नोखा, रोहतास।

(3) मे0 शिव शंकर सिंह कॉट्रैक्ट प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, गोपालगंज।

(4) मे0 असियाना कॉट्रैक्टर्स प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, गोपालगंज।

(5) सुदेश कुमार एण्ड को0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, जमुई।

**असफल निविदाकारः-**

(6) बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 द्वारा अपलोड किये गये कागजातों की समीक्षा समिति द्वारा की गई। जॉचोपरांत पाया गया कि निविदा की शर्त्तो में मांगी गयी फर्नीचर मद के विरूद्ध निविदाकार द्वारा अनुभव प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायी गयी है परंतु वित्तीय वर्ष यथा Date of Start, Date of End, Financial Year Wise item execution वर्णित नहीं होने के कारण उक्त अनुभव प्रमाण-पत्र पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा विचार नहीं किया गया। अतः इन्हें एस0बी0डी0 कंडिका- 4.5A(c) के तहत **"नॉन-रिसपॉसिव"** पाया गया।

तकनीकी समिति के निर्णय पर आपत्ति दर्ज करने हेतु दिनांक-08.12.2025 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया गया।

13 **प्राप्त आपत्ति पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-**

| परिवादी द्वारा दिया गया परिवाद | तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णय |
|---|---|
| निविदाकार बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 के पत्रांक-48 दिनांक-05.12.2025 को पत्र के माध्यम से आपत्ति दिया गया है कि मेरे द्वारा निम्न NIT No.-5, आरा में भाग लिया गया था। जिसमें मुझे असफल घोषित करने का कारण फर्नीचर सप्लाई की अवधि का वर्षवार अलग-अलग वित्तीय वर्ष में नहीं दर्शाया गया है। जबकि मेरे पास उस योजना का अवधि और वर्षवार का प्रमाण पत्र है जो मैं संलग्न कर समर्पित कर रहा हूँ आप अपने स्तर से इसकी जॉच करा सकते है। | उक्त परिवाद के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदाकार बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 द्वारा परिवाद में संलग्न फर्नीचर सप्लाई का अनुभव प्रमाण-पत्र की अवधि वर्षवार अलग-अलग वित्तीय वर्ष में दर्शाया गया है जो कि दिनांक-28.07.2025 द्वारा निर्गत था, परन्तु निविदा के समय अपलोड नहीं किया गया था। निविदा में अपलोड किया गया अनुभव प्रमाण-पत्र वर्षवार नहीं रहने के कारण इन्हें नॉन-रिसपॉसिव किया गया था।<br>अतः निविदाकार बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 द्वारा दिये गये आपत्ति को अमान्य किया जाता है। |

अतः छः निविदाकार में से पॉच निविदाकार को **"रिसपॉन्सिव"** एवं एक निविदाकार को तकनीकी बीड में **"नॉन-रिसपॉन्सिव"** पाया गया।

विभागीय पत्रांक-6290(भ0) दिनांक-07.07.2025 के आलोक में सम्यक् विचारोपरांत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से (1) श्री बालाजी इन्टरप्राईजेज, बड़हरा, भोजपुर (2) जय माता दी एण्ड मॉ सिता कंसट्रक्सन, पचपोखरी, नोखा, रोहतास (3) मे0 शिव शंकर सिंह कॉन्ट्रैक्ट प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, गोपालगंज (4) मे0 असियाना कॉन्ट्रैक्टर्स प्रा0 लि0, राजेन्द्र नगर, गोपालगंज (5) सुदेश कुमार एण्ड को0 कंसट्रक्सन प्रा0 लि0, कल्याणपुर, जमुई को **सफल** एवं (6) बालाजी डेवलपर्स, रामप्रस्थ कॉलनी, गाजियाबाद, यू0पी0 को **असफल** घोषित करते हुए सफल निविदाकार का वित्तीय खोले जाने की अनुशंसा की गयी एवं सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति के समक्ष रखने का निर्णय लिया गया।

14 **विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा पर सहमति प्रदान की गयी। इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह0/- | ह0/- | ह0/- | ह0/- |
| (विकास कुमार पाण्डेय) | (मनोज कुमार सिंह) | (सुरेश प्रसाद प्रभाकर) | (कुमार रवि) |
| आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | मुख्य अभियंता (द0) भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त -सह- विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। | सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार पटना। |

ज्ञापांकः- भवन/मु0अभि0(द0)यो0प्रा0-01-70/2025 13(S) पटना/दिनांक 02/01/25

**प्रतिलिपिः-** आई0 टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

02/01/26

मुख्य अभियंता (द0)।

E:/V/T.F.P./2026-5